नई सौर परियोजनाएँ: एनटीपीसी

drishtiias.com/hindi/printpdf/new-solar-projects-ntpc

प्रिलिम्स के लिये:

जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना, राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, राष्ट्रीय सौर मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

मेन्स के लिये:

नई सौर परियोजनाएँ तथा उनका महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 'नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड' (NTPC) रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (REL) ने देश का पहला 'ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी प्रोजेक्ट' स्थापित करने हेतु केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

NTPC REL गुजरात के कच्छ के रण में एक सौर पार्क भी स्थापित करेगी जहाँ से यह अल्ट्रा-मेगा अक्षय ऊर्जा पावर पार्क (UMREPP) योजना के तहत व्यावसायिक स्तर पर हरित हाइड्रोजन भी उत्पन्न करेगी।

नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन कहा जाता है।

अल्ट्रा-मेगा अक्षय ऊर्जा पावर पार्क (UMREPP) योजना:

- यह मौजूदा सौर पार्क योजना के तहत अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क (UMREPPs) विकसित करने की एक योजना है।
  - यह योजना वर्ष 2014 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा शुरू की गई थी।
  - सौर पार्क योजना भी देश के विभिन्न राज्यों में सौर पार्क स्थापित करने के लिये MNRE की एक योजना है। यह सौर पार्क स्थापित करने हेतु भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव करती है।
- UMREPP का उद्देश्य परियोजना विकासकर्त्ता को अग्रिम भूमि उपलब्ध कराना तथा अक्षय ऊर्जा आधारित सौर/पवन/हाइब्रिड सहित भंडारण प्रणालियों के साथ विद्युत पार्क विकसित करने के लिये पारेषण बुनियादी ढाँचे की सुविधा प्रदान करना है।

प्रमुख बिंदु:

ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी प्रोजेक्ट:

- NTPC REL ने इस क्षेत्र में शुरुआत के लिये 5 हाइड्रोजन बसें चलाने की योजना बनाई है और कंपनी लेह में एक सौर संयंत्र तथा एक हरित हाइड्रोजन उत्पादन इकाई स्थापित करेगी।
- यह लेह को हरित हाइड्रोजन आधारित गतिशीलता परियोजना लागू करने वाला देश का पहला शहर बना देगा। यह सही मायने में ज़ीरो एमिशन मोबिलिटी होगी।
- यह प्रधानमंत्री के 'कार्बन न्यूट्रल' लद्दाख के दृष्टिकोण के अनुरूप भी है।
- यह लद्दाख को अक्षय स्रोतों और हरित हाइड्रोजन पर आधारित कार्बन मुक्त अर्थव्यवस्था विकसित करने में मदद करेगा।

भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क:

NTPC REL गुजरात के कच्छ के रण में 4.75 गीगावाट अक्षय ऊर्जा पार्क स्थापित करेगा। यह भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क होगा, जिसका निर्माण देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी करेगी।

गुजरात में कच्छ क्षेत्र, जो देश का सबसे बड़ा नमक का रेगिस्तान है और यहाँ भारत के दो सबसे बड़े कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्र हैं, अब अपनी उपलब्धियों में एक और नाम जोड़ देगा।

एनटीपीसी की अन्य प्रमुख परियोजनाएँ :

- हाल ही में एनटीपीसी ने आंध्र प्रदेश के सिम्हाद्री ताप विद्युत संयंत्र के जलाशय पर भारत का सबसे बड़ा 10 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर भी चालू किया है। इसके अतिरिक्त 15 मेगावाट की क्षमता वाले सयंत्र को अगस्त, 2021 तक चालू किया जाएगा।
- इसके अलावा तेलंगाना स्थित रामागुंडम ताप विद्युत संयंत्र के जलाशय पर 100 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर परियोजना कार्यान्वयन के अग्रिम चरण में है।

अन्य सौर ऊर्जा पहलें:

- **राष्ट्रीय सौर मिशन:** सौर ऊर्जा ने राष्ट्रीय सौर मिशन (National Solar Mission) के साथ **जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना** (National Action Plan on Climate Change) में एक केंद्रीय स्थान ले लिया है।
- **INDC का लक्ष्य:** यह वर्ष 2022 तक 100 GW ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखता है।

  यह गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 40% संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने और वर्ष 2005 के स्तर पर वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद प्रदूषण उत्सर्जन को 33% से 35% तक कम करने के लिये भारत के **राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान** (Nationally Determined Contributions- INDC) के लक्ष्य के अनुरूप है।
- **ISA का शुभारंभ: अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) के शुभारंभ की घोषणा भारत के प्रधानमंत्री और फ्राँस के राष्ट्रपति द्वारा 2015 में पेरिस, फ्राँस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी-21) के 21वें सत्र में की गई थी।**
- **सरकारी योजनाएँ:** जैसे- सोलर पार्क योजना, कैनाल बैंक और कैनाल टॉप योजना, बंडलिंग योजना, **ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप योजना** आदि।
- **वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड:** भारत के पास एक महत्त्वाकांक्षी सीमा पार पावर ग्रिड योजना **'वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड'** (One Sun One World One Grid) है जो एक क्षेत्र में उत्पन्न सौर ऊर्जा को दूसरों की बिजली की मांगों को पूरा करने हेतु स्थानांतरित करना चाहता है।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (NTPC)

- एनटीपीसी लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (Public Sector Undertaking- PSU) है।
    एनटीपीसी आरईएल (NTPC REL), एनटीपीसी (NTPC) की 100 % हिस्सेदारी वाली कंपनी है।
- भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी, एनटीपीसी की स्थापना वर्ष 1975 में भारत के विद्युत विकास में तेज़ी लाने के लिये की गई थी।
- इसका उद्देश्य नवाचार द्वारा संचालित किफायती, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से विश्वसनीय बिजली तथा संबंधित समाधान प्रदान करना है।
- मई 2010 में इसे **महारत्न कंपनी** (Maharatna company) घोषित किया गया।
- यह नई दिल्ली में स्थित है।

स्रोत: पी.आई.बी.